Regarding constructing railway underpass

श्रीमती रेखा अरुण वर्मा **(धौरहरा):** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र की तहसील महौली में रेलवे लाइन के समीप स्थित उरदौली गांव का रास्ता लाइन पर गार्डर लगा कर बंद कर दिया गया है, जिससे आस-पास के कई गांवों की आबादी का अवागमन अवरुद्ध हो गया है । रेलवे के नक्शे में गेट अंकित होने के बावजूद भी गेट बंद किए जाने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है । मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जनता के हित में इस स्थान पर गेट संख्या 41 के पास निर्धारित फाटक को तत्काल चालू किया जाए और भविष्य के लिए अंडरपास का प्रावधान किया जाए ।